**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2612**

**मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद

**2612. श्री तनुज पुनियाः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को लागू करने वाले जिलों का ब्यौरा क्या है और इसके लिए किन उत्पादों को चिह्नित किया गया है;

(ख) सरकार द्वारा किसी विशेष जिले में उत्पादकों को सहायता प्रदान करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और आर्थिक, तकनीकी तथा कौशल सहायता का ब्यौरा क्या है, और

(ग) उत्तर प्रदेश राज्य में इस पहल के बाद सफल हुए उद्यमियों/उत्पादकों और उनके उत्पादों की संख्या जिले-वार कितनी है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क):** 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी), उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा चलाई जा रही पहल है, जिसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों के समग्र विकास को सक्षम बनाने के लिए देश के प्रत्येक जिले से कम से कम एक उत्पाद का चयन करना, उसकी ब्रांडिंग करना और उसे प्रोत्साहन प्रदान करना है।

ओडीओपी पहल को उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में कार्यान्वित किया गया है, और 110 उत्पादों को चिह्नित किया गया है। राज्य के संबंधित विभागों द्वारा उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) को अंतिम रूप से तैयार सूची भेजी गई है। **उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों की सूची अनुबंध-1 में संलग्न है।**

**(ख) और (ग):** ओडीओपी, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा चलाई जा रही पहल है, जिसका उद्देश्य, बिना किसी वित्तीय घटक के, देश के प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

तकनीकी एवं कौशल सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से, डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के सहयोग से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में डिजाइन संबद्ध जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया है, ताकि उत्पाद नवप्रयोग, विविधीकरण और आधुनिक डिजाइन क्षमताओं को सुदृढ़ किया जा सके। इन कार्यशालाओं का आयोजन ब्लैक पॉटरी (आजमगढ़), ग्लासवेयर (फिरोजाबाद), जूट वॉल हैंगिंग्स (गाजीपुर), हैंडमेड पेपर आर्ट (जालौन), केले के फाइबर और केले के उत्पाद (कुशीनगर), चिकनकारी एवं जरी-जरदोजी (लखनऊ) तथा तारकशी आर्ट (मैनपुरी) के लिए किया गया है।

इसके अलावा, पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता स्कीम के तहत और बजट घोषणा 2023-24 के अनुसार, सभी राज्यों में स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों (ओडीओपी, जीआई और स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों) को बढ़ावा देने के लिए पीएम एकता मॉल (यूनिटी मॉल) स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इस फ्रेमवर्क के तहत, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और आगरा में तीन पीएम एकता मॉल के निर्माण और प्रचालन के लिए 370.247 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूपी ओडीओपी कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में ओडीओपी हितधारकों को मौद्रिक, बाजार-संबंधित और कौशल सहायता प्रदान करने के लिए चार स्कीमें तैयार की गई हैं।

**बाजार विकास सहायता (एमडीए) स्कीम** के तहत, स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लेने के लिए ओडीपी कारीगरों/इकाइयों को रहने, यात्रा और स्टॉल शुल्क की प्रतिपूर्ति करने के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने और प्रमुख शहरी केंद्रों में शोरूम स्थापित करने के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कीम के तहत प्रदर्शनियों में कुल **7,639 कारीगरों** ने भाग लिया है और 71.48 करोड़ रुपए की सब्सिडी संवितरित की गई है। ओडीओपी उत्पादों का ओडीओपीमार्ट, एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**साझा सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्कीम** के तहत, डिजाइन, कच्चे माल, पैकेजिंग और अन्य सामान्य आवश्यकताओं से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए क्लस्टरों हेतु साझा सुविधा केंद्र तैयार किए जाते हैं। परियोजना लागत के 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत की वित्तीय सहायता, राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। कुल 15 सीएफसी (परियोजना लागत 112.29 करोड़ रुपए) का कार्य पूरा हो चुका है, और 15 अतिरिक्त सीएफसी (परियोजना लागत 105.82 करोड़ रुपए) को अंतिम अनुमोदन प्राप्त हो चुका है और ये कार्यान्वयन के अधीन हैं।

**कौशल विकास एवं उपकरण वितरण स्कीम** के अंतर्गत, ओडीओपी मूल्य श्रृंखला में वर्तमान और भविष्य की कार्यबल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क ब्रिज कोर्स आयोजित किए जाते हैं, साथ ही आधुनिक उपकरण किटों का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत **कुल 1,33,472 कारीगरों को प्रशिक्षित किया गया है और 1,28,672 कारीगरों** को उपकरण किट प्रदान किए गए हैं।

ओडीओपी **मार्जिन मनी स्कीम** के तहत, विनिर्माण या व्यावसायिक उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से लिए गए ऋण पर 25 प्रतिशत तक (20 लाख रुपए की अधिकतम सीमा के अध्यधीन) सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसमें सामान्य श्रेणी के आवेदकों का 10 प्रतिशत और विशेष श्रेणी के आवेदकों का 5 प्रतिशत का अंशदान होता है। ऋण स्वीकृत होने के बाद आरएसईटीआई, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और आईईडी जैसे संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस स्कीम के तहत, अब तक कुल 6,393 करोड़ रुपए मूल्य की 19,224 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

*****

**अनुबंध-1**

**दिनांक 16.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2612 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| जिला | उत्पाद | क्षेत्र |
|---|---|---|
| आगरा | लेदर के उत्पाद | हस्तशिल्प |
| आगरा | हस्तशिल्प- पत्थर और संगमरमर | हस्तशिल्प |
| अलीगढ़ | ताला और हार्डवेयर | विनिर्माण |
| अलीगढ़ | धातु हस्तशिल्प | हस्तशिल्प |
| अंबेडकर नगर | वस्त्र उत्पाद | वस्त्र |
| अमेठी | मूंज उत्पाद | हस्तशिल्प |
| अमेठी | खाद्य प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| अमरोहा | संगीत वाद्ययंत्र (ढोलक) | विनिर्माण |
| अमरोहा | रेडीमेड गार्मेंट्स | वस्त्र |
| औरैया | दूध प्रसंस्करण (देसी घी) और दूध उत्पाद | डेयरी |
| अयोध्या (फैजाबाद) | गुड़ के उत्पाद | खाद्य प्रसंस्करण |
| आजमगढ़ | ब्लैक पॉटरी कलाकृतियां | हस्तशिल्प |
| आजमगढ़ | वस्त्र उत्पाद (रेशमी साड़ी) | हथकरघा |
| बागपत | घर का सजावटी सामान | विनिर्माण |
| बहराइच | (गेहूं का डंठल) हस्तशिल्प | हस्तशिल्प |
| बहराइच | खाद्य प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| बलिया | बिंदी (टिकुली) | हस्तशिल्प |
| बलरामपुर | खाद्य प्रसंस्करण (दालें) | खाद्य प्रसंस्करण |
| बांदा | शज़र पत्थर शिल्प | हस्तशिल्प |
| बाराबंकी | हथकरघा उत्पाद और वस्त्र उत्पाद | वस्त्र |
| बरेली | ज़री और ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| बरेली | बांस के उत्पाद | हस्तशिल्प |
| बरेली | गोल्ड्स्मिथ इंडस्ट्री (स्वर्णकारी उद्योग) | हस्तशिल्प |
| बस्ती | लकड़ी के शिल्प | हस्तशिल्प |
| बस्ती | सिरका उत्पाद | खाद्य प्रसंस्करण |
| भदोही (संत रविदास नगर) | कालीन (दरी) | हस्तशिल्प |
| बिजनौर | लकड़ी के शिल्प | विनिर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| बदायूं | ज़री और ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| बुलंदशहर | सिरेमिक के उत्पाद | विनिर्माण |
| चंदौली | ज़री-ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| चंदौली | काले चावल | कृषि |
| चित्रकूट | लकड़ी के खिलौने और लकड़ी कला उत्पाद | हस्तशिल्प |
| देवरिया | सजावटी उत्पाद | हस्तशिल्प |
| देवरिया | कढ़ाई और बुनाई (बुनाई) उत्पाद | हथकरघा |
| देवरिया | रेडीमेड गार्मेंट्स | वस्त्र |
| एटा | घुंघरू, घंटियां और पीतल के उत्पाद | विनिर्माण |
| इटावा | वस्त्र उत्पाद, सिलाई और परिधानों पर कढ़ाई | वस्त्र |
| फर्रुखाबाद | वस्त्र प्रिंटिंग | वस्त्र |
| फर्रुखाबाद | ज़री ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| फतेहपुर | चादरें | वस्त्र |
| फतेहपुर | आयरन फैब्रिकेशन वर्क | विनिर्माण |
| फिरोजाबाद | ग्लासवेयर | विनिर्माण |
| गौतम बुद्ध नगर | रेडीमेड गार्मेंट्स वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | वस्त्र |
| गाजियाबाद | इंजीनियरिंग सामग्री | विनिर्माण |
| गाजीपुर | जूट वॉल हैंगिंग्स | हस्तशिल्प |
| गोंडा | खाद्य प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| गोरखपुर | टेराकोटा | हस्तशिल्प |
| गोरखपुर | रेडीमेड गार्मेंट्स | वस्त्र |
| हमीरपुर | जूते | विनिर्माण |
| हापुड़ | घर का सजावटी सामान | विनिर्माण |
| हरदोई | हथकरघा उत्पाद और वस्त्र उत्पाद | हथकरघा |
| हाथरस | हींग प्रसंस्करण | कृषि |
| हाथरस | रेडीमेड गार्मेंट्स | वस्त्र |
| जालौन | हैंडमेड पेपर आर्ट | हस्तशिल्प |
| जालौन | मटर प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| जौनपुर | ऊनी कालीन (दरी) | वस्त्र |
| झांसी | सॉफ्ट टॉय | विनिर्माण |
| झांसी | वस्त्र उत्पाद | विनिर्माण |
| कन्नौज | इत्र (अत्तर), अगरबत्ती और उत्पाद | विनिर्माण |
| कानपुर देहात | जिंक के बर्तन | विनिर्माण |
| कानपुर देहात | प्लास्टिक के उत्पाद | विनिर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| कानपुर नगर | लेदर उत्पाद | हस्तशिल्प |
| कानपुर नगर | होजरी और वस्त्र उत्पाद | वस्त्र |
| कासगंज | ज़री ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| कौशाम्बी | खाद्य प्रसंस्करण (केला और अमरूद) | खाद्य प्रसंस्करण |
| कुशीनगर | केले के फाइबर उत्पाद और केले के उत्पाद | कृषि |
| लखीमपुर खीरी | ट्राइबल क्राफ्ट् | हस्तशिल्प |
| लखीमपुर खीरी | गुड़ के उत्पाद | खाद्य प्रसंस्करण |
| ललितपुर | ज़री सिल्क की साड़ियां | हथकरघा |
| ललितपुर | खाद्य प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| ललितपुर | स्कूल ड्रेस (रेडीमेड गारमेंट्स/होजरी) | वस्त्र |
| लखनऊ | चिकनकारी और ज़री ज़रदोज़ी | वस्त्र |
| महाराजगंज | फर्नीचर | विनिर्माण |
| महोबा | गौरा स्टोन क्राफ्ट और मेटल क्राफ्ट | हस्तशिल्प |
| मैनपुरी | तारकशी कला | हस्तशिल्प |
| मैनपुरी | वस्त्र सिलाई | विनिर्माण |
| मैनपुरी | ज़री ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| मथुरा | सैनिटरी फिटिंग्स | विनिर्माण |
| मथुरा | ठाकुरजी की पोशाक | हस्तशिल्प |
| मथुरा | श्रीनगर मूर्तिकला और कंठी माला | हस्तशिल्प |
| मऊ | पावरलूम टेक्सटाइल | वस्त्र |
| मेरठ | खेल की सामग्री | विनिर्माण |
| मिर्जापुर | कालीन | वस्त्र |
| मिर्जापुर | धातु उद्योग (पीतल) | हस्तशिल्प |
| मुरादाबाद | धातु शिल्प | विनिर्माण |
| मुजफ्फरनगर | गुड़ के उत्पाद | खाद्य प्रसंस्करण |
| पीलीभीत | बांसुरी और लकड़ी के उत्पाद | विनिर्माण |
| प्रतापगढ़ | खाद्य प्रसंस्करण (आंवले के उत्पाद) | खाद्य प्रसंस्करण |
| प्रयागराज | मूंज उत्पाद | हस्तशिल्प |
| प्रयागराज | खाद्य प्रसंस्करण | खाद्य प्रसंस्करण |
| रायबरेली | वुड वर्क | हस्तशिल्प |
| रामपुर | पैच वर्क के साथ एप्लिक वर्क, ज़री पैच वर्क, और मेंथा | हस्तशिल्प |
| सहारनपुर | लकड़ी की नक्काशी | हस्तशिल्प |
| संभल | हस्तशिल्प (सींग-हड्डी के उत्पाद) | हस्तशिल्प |

| | | |
|---|---|---|
| संत कबीर नगर | पीतल के बर्तन | विनिर्माण |
| संत कबीर नगर | होजरी के उत्पाद | विनिर्माण |
| शाहजहांपुर | ज़री और ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| शामली | रिम और एक्सल तथा आयरन वर्क | हस्तशिल्प |
| श्रावस्ती | ट्राइबल क्राफ्ट् और फर्नीचर | हस्तशिल्प |
| सिद्धार्थनगर | काला नमक चावल | खाद्य प्रसंस्करण |
| सीतापुर | कालीन (दरी) | वस्त्र |
| सोनभद्र | कालीन | वस्त्र |
| सुल्तानपुर | मूंज उत्पाद | हस्तशिल्प |
| सुल्तानपुर | आयरन और स्टील फैब्रिकेशन | विनिर्माण |
| उन्नाव | ज़री ज़रदोज़ी | हस्तशिल्प |
| उन्नाव | लेदर के उत्पाद | विनिर्माण |
| वाराणसी | रेशम के उत्पाद | वस्त्र |
| वाराणसी | पिंक इनैमेल (गुलाबी मीनाकारी) | हस्तशिल्प |
| वाराणसी | लकड़ी लाह की वस्तुएं | हस्तशिल्प |
| वाराणसी | खिलौने | हस्तशिल्प |

*****